दिनांक : 28.07.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का मानसून सत्र आज से होगा प्रारंभ, 8 अगस्त तक चलने वाले सत्र में होंगी 10 बैठकें।
- प्रधानमंत्री ने की 'मन की बात' कार्यक्रम में भोपाल की 'सकारात्मक सोच' टीम की प्रशंसा ।
- लोकसभा में आज से ऑपरेशन सिंदूर पर शुरू हो सकती है चर्चा। कल से राज सभा में होने की संभावना।
- आज सावन मास का तीसरा सोमवार है, उज्जैन में भगवान श्री महाकालेश्वर की तीसरी राजसी सवारी निकाली जाएगी।
- प्रदेश में बारिश का दौर जारी, आज 8 जिलो में ऑरेंज अलर्ट।

विधानसभा सत्र

मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का मानसून सत्र आज से आरंभ हो रहा है। 8 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में सदन की कुल 10 बैठकें होंगी। अब तक विधानसभा सचिवालय में कुल 3377 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। ध्यानाकर्षण की 226,स्थगन प्रस्ताव की एक ,अशासकीय संकल्प की 23,शून्यकाल की 65, और नियम -139 की 1 सूचना प्राप्त हुई हैं। शासकीय विधेयक भी 03 प्राप्त हुए हैं। कल विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सत्र की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस सत्र का पक्ष और विपक्ष प्रदेश हित में उपयोग करेंगे।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में भोपाल की टीम 'सकारात्मक सोच' द्वारा स्वच्छता अभियान में किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। भोपाल का यह समूह 2 महिलाओं के साथ शुरू हुआ और आज इससे 200 महिलाएं जुड़ गयी हैं। टीम का ध्येय वाक्य 'डिस्पोजल का बहिष्कार और कचरा मुक्त पृथ्वी का सपना' है।

टीम ने बर्तन बैंक बनाकर और कपड़े के थैले मंदिरों, सब्जी मंडियों में निशुल्क बांट कर लोगों में प्लास्टिक का उपयोग न करने के प्रति जागरूकता पैदा की है। टीम ने 17 पार्कों में श्रमदान किया भी किया है। प्रधानमंत्री के उत्साहवर्धन से महिला टीम मे नया जोश भर गया है। टीम की संस्थापक सदस्य किरण शर्मा ने प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

टीम की अन्य सदस्य सोनाली देशपांडे ने कहा कि वह अपने को गौरवांवित महसूस कर रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने "सकारात्मक सोच" टीम की बहनों के परिश्रम को बधाई दी है।

रीवा कान्क्लेव

रीवा में आयोजित रीजनल पर्यटन कॉन्क्लेव का कल समापन हो गया। कॉन्क्लेव में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े 600 से अधिक प्रतिनिधियों ने भागीदारी निभाई। इसमें रीवा और शहडोल संभाग के पर्यटन स्थलों में लगभग तीन हजार करोड़ के निवेश के प्रस्ताव पर्यटन विकास निगम को मिले हैं। विन्ध्य में हवाई सेवा के विस्तार के लिए फ्लाई ओला की ओर से 700 करोड़ रुपए के निवेश की इच्छा व्यक्त की है। इसके अलावा भी अनेक निवेशकों ने पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी सुविधाओं के विकास के लिए निवेश की मंशा जाहिर की है। कान्कलेव का मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया था। पर्यटन के क्षेत्र में बड़े निवेश से रीवा और शहडोल क्षेत्र में उपलब्ध पर्यटन की संभावनाएं फलीभूत होंगी। यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य, वन्यप्राणियों, सांस्कृतिक विरासत, लोक कला और ग्रामीण पर्यटन को विकास का अवसर मिलेगा। पर्यटन के क्षेत्र में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

लोकसभा-ऑपरेशन सिंदूर

लोकसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू हो सकती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पहले बताया था कि पहलगाम आंतकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की कार्रवाई पर विशेष चर्चा मॉनसून सत्र में होगी। श्री रिजिजू ने कहा कि बहस के लिए लोकसभा में सोलह घंटे का समय दिया गया है। राज्यसभा में इस पर कल सोलह घंटे तक चर्चा होगी।

अच्छी खबर- खंडवा

अपनी मेहनत, लगन और श्री अन्न की ताकत ने खंडवा की स्मिता बरोले को आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट....

*वीओ- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शुरू किए गए श्री संतोषी माता स्व-सहायता समूह के माध्यम से स्मिता ने मोटे अनाज से बने लजीज और पौष्टिक व्यंजनों के जरिए न केवल अपनी जिंदगी बदली, बल्कि शहर में एक नई मिसाल भी कायम की। उन्होने बताया कि*

*वीओ- स्मिता ने 2020 में नगर निगम के सहयोग से अपने समूह की नींव रखी और ज्वार, मक्का, बाजरा, रागी, चना, जैसे पोषक तत्वों से भरपूर मोटे अनाजों को अपने व्यवसाय का आधार बनाया। खंडवा महापौर श्रीमती अमृता यादव ने बताया कि...*

*वीओ- स्मिता बरोले की कहानी मेहनत, सामुदायिक सहयोग और श्री अन्न की ताकत का जीवंत उदाहरण है। आकाशवाणी समाचार के लिए में खंडवा से हिरालाल लोंगरे।।।*

सावन सोमवार

आज सावन मास का तीसरा सोमवार है। आज सुबह से प्रदेश के शिवमंदिरों में विशेष पूजा अर्चना का दौर चल रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन पहुंच रहे हैं। उज्जैन में भगवान श्री महाकालेश्वर की तीसरी राजसी सवारी निकाली जाएगी। भगवान महांकाल श्री चंद्रमौलेश्वर के रूप में पालकी में विराजित होंगे। आज की सवारी में विभिन्न बैण्ड की प्रस्तुतियाँ खास आकर्षण होंगी। वर्ष में केवल एक दिन खुलने वाले उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट आज रात 12 बजे से खोले जाएंगे। कल नागपंचमी के अवसर पर यहां पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मी दै। ओम्कारेश्वर में भी आज भगवान ओम्कारेश्वर और ममलेश्वर की सवारी निकाली जाएगी। नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में नागद्वारी मेला जारी है, नागपंचमी पर 2 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचने का अनुमान है।

मौसम

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश के 8  जिलों में अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया हैं। प्रदेश में 16 जून को मानसून ने आमद दी थी। तब से अब तक 24.9 इंच बारिश हो चुकी हैं। अब तक 16 इंच पानी गिरना था। इस हिसाब से करीब 9 इंच पानी ज्यादा गिर चुका है। पिछले 24 घंटे में धार जिले में 41 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। नर्मदापुरम जिले लगातार बारिश के चलते इटारसी तवा डैम के तीन गेट खोले गए हैं। वहीं ओंकारेश्वर बांध के 09 गेट खोले गए हैं। उधर खंडवा जिले में लगातार बारिश के चलते इंदिरा सागर बांध के 12 गेट खोल दिए गए हैं। जबलपुर में भी तेज बारिश हो रही है। जिससे बरगी डैम के 8 गेट खोले गए हैं। भोपाल में कल रात से तेज बारिश हो रही है। आगरमालवा कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने लगातार हो रही बारिश के चलते जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में आज अवकाश घोषित किया गया है।

क्रिकेट

भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन - तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ हो गया है। कल रात ओल्ड ट्रैफर्ड में मैच के पांचवे दिन भारत ने दूसरी पारी में चार विकेट पर चार सौ 25 रन बनाए। पहली पारी में भारत ने तीन सौ 58 रन बनाये थे जबकि इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में छह सौ 69 रन रन बनाए थे। रविन्द्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर ने नाबाद 203 रन की साझेदारी कर मैच ड्रॉ कराया। 5 विकेट और 141 रन बनाने वाले इंग्लैंड के बेन स्टोक्स को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

महिला शतरंज विश्व कप

जॉर्जिया के बाटुमी में महिला शतरंज विश्व कप के फाइनल में आज भारत की ग्रैंड मास्टर कोनेरू हम्पी और अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख टाइब्रेकर में उतरेंगी। फाइनल में दोनों के बीच पहले दो गैम ड्रॉ रहे थे, जिसके कारण विजेता का निर्णय टाईब्रेकर के जरिए किया जा रहा है। यह मैच भारतीय समयनुसार दोपहर एक बजकर तीस मिनट से शुरू होंगे।

समाचार संक्षेप में .....

- रीवा जिले में कल उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने नवीन हुजूर अनुविभागीय एवं तहसील कार्यालय का शुभारंभ किया।
- शिवपुरी जिले के करैरा में वन विभाग ने कल अवैध रूप से संचालित दो आरा मशीनों को जप्त कर संबंधित के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया।
- शिवपुरी के पुलिस कंट्रोल रूम में कल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा उन्मूलन एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।
- छिंदवाडा जिले के ग्राम भमोड़ी के आंगनबाड़ी केन्द्र में आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान द्वारा कल 110 मरीजों की जांच कर दवाईयां वितरित की गई।
- सिंगरौली जिले के एनसीएल मुख्यालय में कल कोल इंडिया गोल्डन जुबली लेक्चर सीरीज के तहत माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के पूर्व चेयरमैन श्री रवि वेंकटेशन ने प्रेरणादायक व्याख्यान दिया।

-------